उत्तराखण्ड में वन आधारित आजीविका की वर्तमान स्थिति और सम्भावनाएं विषय पर कार्यशाला का आयोजन

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, यूकॉस्ट, देहारादून में स्थापित वन आधारित आजीविका उत्कृष्टता केन्द्र के द्वारा जोशीमठ के लाता गॉव मे दिनॉक 16/06/18 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय था उत्तराखण्ड में वन आधारित आजीविका की वर्तमान स्थिति और सम्भावनाएं । इस कार्यशाला में रैणी, लाता और तोलमा गॉव के लगभग 70 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में स्थानीय निवासियों के वन आधारित आजीविका से सम्बन्धित मुद्दों , वनों से सम्बन्धित नीतियों , भू दृश्य पर्यटन के अवसरों , क्षेत्र के पारम्परिक ज्ञान, उच्च हिमालयी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य सम्बन्धित विषयों पर तथा जी आई पंजीकरण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई । कार्यशाला में महानिदेशक, यूकॉस्ट, डॉ. राजेन्द्र डोभाल ने स्थानीय लोगों के लिए ऑख एवं त्वचा की समस्या के निवारण के लिए स्वास्थ्य शिविर के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता का भी आश्वासन दिया । कार्यशाला में महानिदेशक, यूकॉस्ट, डॉ. राजेन्द्र डोभाल , डॉ. पीयूष जोशी, डॉ. आशुतोश मिश्रा , डॉ. अजीत कौर, कंचन डोभाल, रोमिला चंद्रा तथा श्री सुनील कैंथोला उपस्थित रहे ।